**दिनांक : 24.03.2026**

## प्रेस विज्ञप्ति

कानपुर: आज मर्चेन्ट्स चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश एवं कानपुर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में कानपुर दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचासीन महानुभावों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में पधारे हुये सभी अभ्यागतों का स्वागत समारोह के स्वागताध्यक्ष श्री तिलकराज शर्मा तथा श्री नरेश महेश्वरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के बारे में कानपुर पंचायत के संयोजक श्री धर्म प्रकाश गुप्त ने बताया कि कानपुर, बिठूर, मूसानगर, तथा जाजमऊ के त्रिकोण में बसा एक पौराणिक आध्यात्मिक तथा औद्योगिक परिक्षेत्र है जिसको 24 मार्च 1803 को विधिवत् जिले के रूप में स्थापित किया गया और यह घोषणा आधिकारिक रूप से फोर्ट विलियम कलकत्ता की कार्यवाही में दर्ज है। कानपुर पंचायत द्वारा कानपुर के साहित्य, इतिहास, पर्यटन एवं संस्कृति तथा विकास हेतु अनेको कार्यक्रम लगातार विगत वर्षों से किये जा रहे हैं। इन आयोजनों में मर्चेन्ट्स चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश सहित नगर की अनेकों संस्थाओं एवं महानुभावों का स्मरणीय योगदान रहता है।

कानपुर कैसा हो इस सम्बन्ध में प्रख्यात समाजसेवी डा. इन्द्रमोहन रोहतगी ने कहा कि कानपुर में पर्यटन एवं विकास की असीमित सम्भावनायें हैं। परन्तु उन सम्भावनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दृढ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। क्षेत्र के पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का विकास जनमानस के अपेक्षाओं के अनुसार किया जाना चाहिए जिससे पर्यटन का आकर्षण बढ़े।

समारोह में ‘कानपुर का विकास वास्तुशास्त्र एवं ज्योतिष की दृष्टि में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में प्रसिद्ध वास्तुविद् श्री विमल झाझरिया ने बताया कि कानपुर के उत्तर पूर्व में गंगा का सलिल प्रवाह इसकी उर्जा को बढ़ाता था परन्तु जैसे जैसे गंगा घाटों से दूर होती गयी तथा उस पर शहर की गंदगी डाली जाने लगी तो क्षेत्र का वास्तु दूषित हुआ और विकास अवरूद्ध हुआ। श्री झाझरिया ने कानपुर के विकास हेतु नागरिकों से अपेक्षा की, कि वह कानपुर की उर्जा बढ़ाने के लिए गंगा को प्रदूषण मुक्त करें।

इस अवसर पर ज्योतिषविद् शिवांग मिश्रा ने अपनी बात रखते हुये कानपुर की कुण्डली के आधार पर बताया कि वर्तमान ग्रह नक्षत्रों की चाल के अनुसार कानपुर का विकास दक्षिण पूर्व दिशा में सम्भावित है और कानपुर की कुण्डली में शनि एवं ब्रहस्पति वक्री होने के कारण योजनायें तो बनती हैं परन्तु उसका क्रियान्वयन अवरूद्ध हो जाता है। इसका व्यवहारिक उपाय यही है कि योजनाओं का क्रियान्वयन भलिभांति किया जाये।

समारोह में कानपुर के महत्वपूर्ण पौराणिक ऐतिहासिक तथा पर्यटन स्थलों पर बने वृत्त चित्र के अंश भी प्रदर्शित किये गये।

कानपुर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान करने वाले यथा न्यूरो चिकित्सा क्षेत्र में डा0 नवनीत कुमार, महिला क्रिकेट क्षेत्र में सुश्री अर्चना देवी, रक्षा उत्पाद क्षेत्र में श्री मनोज गुप्ता (MKU), औद्योगिक क्षेत्र में महिला उद्यमी श्रीमती सुचेता वाही तथा नाटय कला क्षेत्र में संगीत कला नाटक अकादमी से सम्मानित डा0 ओमेन्द्र का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्री धर्म प्रकाश गुप्त द्वारा एवं आभार प्रदर्शन गोल्डी समूह के श्री सुदीप गोयनका द्वारा किया गया।